डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लि.
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited
A Govt. of India (Ministry of Railways) Enterprise

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

No. 2020/HQ/Admin/RTI-904 नई दिल्ली, दिनांक: 14.07.2021

श्री राकेश कुमार शर्मा
पुत्र श्री हरदयाल शर्मा
निवास - मकान सं०-19/213, गली नं०-6,
हनुमान पूरी महेंद्र नगर,
पोस्ट - गम्भीरपुरा, तहसील- कोल,
अलीगढ (उत्तर प्रदेश)
पिनकोड-200201

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अंतर्गत प्राप्त प्रथम अपील आवेदन का निस्तारण।

संदर्भ: 1. सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अंतर्गत प्राप्त आपका आवेदन दिनांक 10.12.2020, जो जन सूचना अधिकारी /DFCCIL के कार्यालय मे दिनांक 16.12.2020 को प्राप्त हुआ ।

2. जन सूचना अधिकारी /DFCCIL के द्वारा इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 05.01.2021 के साथ उपलब्ध कराई गई सूचना।

3. आपका प्रथम अपील पत्र दिनांक 09.01.2021 एवं 23.01.2021।

सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अंतर्गत प्राप्त आपका आवेदन दिनांक 10.12.2020, जो जन सूचना अधिकारी /DFCCIL के कार्यालय मे दिनांक 16.12.2020 को प्राप्त हुआ (संदर्भ-1), के द्वारा मांगी गई सूचना, आपको इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 05.01.2021 के साथ उपलब्ध कराई गई(संदर्भ-2), जो की निर्धारित समय सीमा के अंदर था।

2. आपने प्रथम अपील आवेदन दिनांक 09.01.2021 (संदर्भ-3) के द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर सूचना प्राप्त नहीं होने की बात की है, जो की सत्य नहीं है। इस सम्बन्ध मे आपको अवगत कराना है की, सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अंतर्गत, जन सूचना अधिकारी द्वारा सूचना प्रदान करने हेतु निर्धारित 30 दिनों की समय- सीमा, आवेदन प्राप्ति के दिन से सूचना उपलब्ध कराने के दिन तक की अवधि है। इसमें पत्र प्रेषण एवं वितरण हेतु डाक विभाग द्वारा लिया गया समय शामिल नहीं किया जाता है। पुनः अपील आवेदन दिनांक 23.01.2021(संदर्भ-3) के द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अपूर्ण एवं गलत होने के संबंध में लिखा गया है। इस संबंध में, उपलब्ध अभिलेख के अनुसार, जन सूचना अधिकारी द्वारा पूर्व में ही आपको बिन्दुवार सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है, जो की सही है। इसके अतिरिक्त इस कार्यालय में अन्य कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

आशा है कि आप स्थिति से सहमत होंगे।

14/7/21

(आर. पी. छिब्बर)
समूह महाप्रबंधक /प्रशासन
(अपीलीय प्राधिकारी)

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय: पांचवा तल, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन बिल्डिंग कॉम्पेलक्स, नई दिल्ली - 110001
Regd. & Corporate Office: 5th Floor, Supreme Court Metro Station Building Complex, New Delhi-110001
Tel: +91-11-23454700, Fax: 011-23454701 Web: www.dfccil.gov.in CIN: U 60232 DL 2006 GOI 155068